Minister of the Government of India rang me up and said that for the last three years he was trying to see that all these retrenched workers were reinstated but could not succeed because there were a number of difficulties. He said that he was happy that I had done it today. Therefore, with that achievement I will be able to appeal to the workers that they must augment the resources, improve production, improve efficiency and the performance should be far better. It does not depend upon the emergency. Thus in the coming year we are going to establish that even without the imposition of emergency in the country but with the willing co-operation of the workers in this country and by holding consultations with the trade unions, efficiency and discipline and the strength of the railways can be improved. That will be the task and objective with which I will try to function.

THE BUDGET (GENERAL) 1977-78 —*General Discussion*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI RANBIR SINGH): We shall now take up the General Discussion on the General Budget, Mr. Kureel.

श्री प्यारे लाल कुरील उर्फ तालिब (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष जहां तक बजट का ताल्लुक है, मुझे कुछ कहना नहीं है । उस पर मुझे कुछ ज्यादा विचार करने की जरूरत नहीं है क्योंकि यह इन्टरिम बजट है । आगे जब जनता पार्टी का बजट आयेगा उस पर हम कुछ कह सकेंगे ।

फिर भी दो-तीन बातों की तरफ मैं आप की तवज्जह दिलाना चाहता हूं कि यह जनता सरकार जो बनी है यह भानमती का कुनबा है जो मुख्तलिफ आइडियोलौजी वाली पार्टियों से बना है । हमारी छोटी-छोटी गलतियों को लेकर, हमारी छोटी-छोटी कमजोरियों को ले कर इन लोगों ने जो शीशमहल बनाया है वह किसी भी वक्त चाकनाचूर हो सकता है । यह मैं बता देना चहता हूं और खुले तौर पर बता देना चाहता हूं कि यह इन की कामयाबी नहीं है, इन की पालिसियों की कामयाबी नहीं है, इन की अपनी पार्टी की कामयाबी नहीं है । आज तक ये जमातें आपस मे लड़ती रही हैं और जो गवर्नमेंट मे बैठे हुए हैं...

SHRI PRANAB MUKHERJEE (West Bengal): Sir, the Finance Minister is not here. He should be here.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI RANBIR SINGH): The Finance Minister is busy in the other House.

रेल मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : पटेल साहब दूसरे सदन में काम मे लगे हैं । वे चन्द मिनटों मे आ जायेंगे ।

श्री प्यारेलाल कुरील उर्फ तालिब : फाइनेंन्स मिनिस्टर को ही नहीं, सब मिनिस्टरों को यहां होना चाहिए । कोई भी मिनिस्टर यहां मौजूद नहीं है । मैं कहना चाहता हू जनता पार्टी के लोग जो आपस मे लड़ते थे, आपस मे एक दूसरे का सिर फोड़ते थे इकट्ठा हो कर इन्होंने एक ऐसी पार्टी को हराने की कोशिश की है जिसका कुछ इतिहास है, जिस ने बड़े-बड़े काम किये हैं । मैं आजादी की बात नहीं कहना चाहता हूं । उस पार्टी ने हिन्दुस्तान को यूनीफाई किया है, आजादी के बाद तमाम रियासतों को हिन्दुस्तान में शामिल किया । जो काम पटेल ने किय देशी रियासतों को हिन्दुस्तान के अन्दर मिला कर वह काम कोई पार्टी नहीं कर सकती थी । जमींदारी को मिटाया और गरीबों को, काश्तकारों को भूमि पर अधिकार दिया । जो सीरदार थे उन को भी भूमिधर बनाया ।

मैं पूछना चाहता हूं कि कमजोर जातियों के लिए, शेड्यूल्ड कास्ट के लिए, शैडॅयूल्ड ट्राइब्स के लिए इन पार्टियों के पास क्या प्रोग्राम था ?

[श्री प्यारे लाल कुरील उर्फ़ तालिब]

आज कोई पार्टी कह सकती है कि उस ने अपनी पार्टी का सदर हरिजन को बनाया है। आज हमारी पार्टी है जिसने दो हरिजनों को अपना सदर बनाया है। एक तो जगजीवनराम जी है जो आज आप के साथ है और दूसरे है संजीवैय्या जी। हमारी पार्टी ने जनरल सेक्रटरी हरिजनों को बनाया है। आज हमारी पार्टी में सेपरेट सेल्स है हरिजनों की उन्नति के लिए। यही नहीं, आल इण्डिया कांग्रेस कमेटी में और तमाम प्रान्तीय कांग्रेस कमेटियों में हरिजनों को उठाने के लिए उन के सेल्स अलग मौजूद है जो आये दिन हरिजनों की दिक्कतों को दूर करने की कोशिश करते है। हमारी जो प्राइम मिनिस्टर थीं, जिन्होंने इस मुल्क के मस्तक को ऊंचा किया सारी दुनिया में और सारी दुनिया ने उन की ताकत को माना और अमरीका भी हिन्दुस्तान से डरा और दुनिया की दूसरी ताकतें भी हिन्दुस्तान का लोहा मानने लगीं उन्होंने अपने वक्त में हरिजनों के लिए जो प्रोग्राम रखा वह काफी बेहतर था। उन्होंने बांडेड लेबर को खत्म किया। गरीब हरिजनों के बच्चों को सौ रुपये में या कुछ पैसे दे कर खरीद लिया जाता था और बूढ़े होने तक वह उन की गुलामी करते थे, अपने खरीदार की गुलामी करते थे और उन के बाद उन के बच्चे और पोते उनकी गुलामी करते थे। सदियों से यह काम चला आ रहा था। किसी पार्टी ने क्या इस को खत्म करने की बात सोची थी। कितने लोग थे कि जो बांडड लेबर को जानते थे ? मैं हरिजनों का सब से पुराना मेम्बर हूं। मैं केन्द्रीय असेम्बली में भी रहा हूं। मैं जानता हूं कि किसी पार्टी ने हरिजनों, कमजोर और गिरे हुए तबकों की तरफ ध्यान नहीं दिया है। इन-डेटेडनेस जो सदियों से चली आ रही थी उस में सूद दर सूद उन से लिया जाता था और इस तरह से एक बार उन को कुछ पैसा दे कर जिन्दगी भर उन को गुलाम बनाये रखा जाता था, हमारी कांग्रेस सरकार ने उस को खत्म किया। हमारी पार्टी ने भूमिहीनों को जमीनें दीं और उन गरीब लोगों को छोटे छोटे धंधे चलाने के लिए लोन दिये। उन के लिए बिना सूद के लोन का इंतजाम किया और सिंचाई के लिए छोटे किसानों के सामने तरह तरह की स्कीमें रखीं। उन को लोन देने की स्कीमें बनाई गईं और यह सब करने वाली, श्रीमती इन्दिरा गांधी को हम ने हरा दिया। आप कहेंगे कि उन को आप ने हराया है। लेकिन आप के सामने क्या प्रोग्राम था। एक हवा चली जिस में देश के वेस्टेड इंटरेस्ट और ब्योरोक्रेसी मिल कर एक हो गई और अपने चन्द जाती मतानबात की वजह से, अपनी सेल्फिशनेस की वजह से गवर्नमेंट इंप्लाईज बोनस के सवाल को ले कर नाराज हो गये और बड़े अफसर इस लिए नाराज हो गये कि वह नहीं चाहते थे कि यहां के बुनियादी आर्थिक ढांचे में कोई तब्दीली आये। वह अफसर जानते थे कि वे लोग अफसर है और उन के लड़के भी अफसर हो जायेंगे। वह अंग्रजी बोलना जानते है और इसीलिए इंटरव्यू में दो, तीन सौ नम्बर रखें जाते है। उस की वजह से ही जो काबिल है वे पीछे रह जाते है और जो काबिल नहीं है वह आगे बढ़ जाते है। दो सो नम्बरों में उन को 180 या 160 या 170 नम्बर मिल जाते है और इस लिए ब्योरोक्रसी कभी नहीं चाहती कि समाज के अन्दर कोई बुनियादी तब्दीली आये। वह नहीं चाहते कि समाज के बुनियादी ढांचे में गरीबों को भी जमीन मिले, वह छोटे धंधे शुरू करें। आज हिन्दुस्तान का 90 परसेंट व्यापार बनियों के हाथ में है। कौन बनिया है जो उस को आसानी से छोड़ने को तैयार होगा। आज इन बनियों ने, इन सरमायेदारों ने देश के वेस्टेड इंटररेस्ट ने और ब्योरोक्रेसी ने मिल कर हम को हराया है और इस में सी आई ए का रुपया

लगा है। मुझे ज्यादा टाइम नहीं है और न मैं ज्यादा बोल सकता हूं, लेकिन मैं जानता हूं कि किस तरह से आप जीते है और कैसी बेईमानियां की गई हैं। किस तरह से एक वोटर ने चार, चार, छः छः वोट डाले हैं इस लिए कि अफसरों की हमदर्दी आप के साथ है। इसलिए नहीं कि आप ने काम किया है, इसलिए नहीं कि जनता को आप पर विश्वास है कि आप काम करेंगे, इसलिए नहीं कि आप काबिल है, लेकिन ऐसा उन्होंने अपनी गरज से किया है। नसबन्दी के प्रोग्राम की बात आप कहते है, लेकिन उस में कहीं देहातों में अगर जबरदस्ती हुई है तो उस की जिम्मेदारी गवर्नमेंट पर, उस की पालिसी पर नहीं है। उस की जिम्मेदारी कुछ खुदगरज लोगों पर है, उन के खराब करेक्टर पर है। वह खुदगरज लोग जो जांत पांत मानते है उन्होंने छोटे छोटे आदमियों को पकड़ कर यह कराया है। तो यह हमारी गलती नहीं है। तो यह पालिसी की गलती नहीं है। ये छोटी छोटी गलतियां है जिन को दूर किया जा सकता था। मगर जनता को गुमराह किया गया। देहात की जनता को गलत रास्ते पर रखा गया। उनमें गलतफहमियां पैदा की गई। उनसे जबरदस्ती काम लिया गया। आपने जात-पांत फैलाया चुनावों में। मैं आपको बताना चाहता हूं कि जहां हरिजन बस्तियां थीं वहां पर आपने जगजीवन राम जिन्दाबाद के नारे लगाये। जहां पर ब्राह्मण बस्तियां थीं वहां पर अटल बिहारी वाजपेयी जिन्दाबाद के नारे लगाये। जहां पर जाटों की बस्तियां थीं, वहां पर चरण सिंह जिन्दाबाद के नारे लगाये। मुझे बताइये यह कहां नहीं हुआ ? इस वजह से आप जीते है। तो जनता का यह शीशमहल चन्द दिनों में टूटेगा और आप देखते रह जायेंगे। आप क्या कर सकते है ? इतने साल हो गये, एक पार्टी भी आप इस देश में नहीं बना सके। आप अपने डिफरेंसेज को दूर नहीं कर सके। इन सब बातों की वजह से आज आप ताकत में है। लेकिन हम आपको विश्वास दिलाते है कि आप सरकार को नहीं चला पायेंगे। आपकी पार्टी के अन्दर राजनारायण जैसे आदमी है जो एक पार्टी पर विश्वास रखता है। वह डिक्टेटर है सब से बड़ा। वह शख्स ऐसा है जो जहर फैलायेगा आपकी पार्टी में। चरण सिंह को मैं जानता हूं। जब एस० वी० डी० की गवर्नमेंट बनाई थी कांग्रेस के आदमियों को तोड़कर तो मैं पहला शख्स था कांग्रेस की अपोजिशन पार्टी में होते हुए मैंने चरण सिंह के मिनिस्टर को 60 वोटों से हराया। मानसिंह वर्मा को मिनिस्टर बनाया गया। वह ऐसा मिनिस्टर था जो न काउंसिल का मेम्बर था, न एसेम्बली का, लेकिन चरण सिंह ने उसको लिया था। मैंने उसको 60 वोटों से हराया, उसको इस्तीफा देना पड़ा।

This ultimately led to the total disintegration of the S.V.D. Government.

राजनारायण को मैं जानता हूं कि वह कैसा तानाशाह है। हम तो कुछ नहीं। हमारे मिनिस्टर तो अफिसरों से मिल कर काम करते थे। मैं जानता हूं राजनारायण तो उनकी कुर्सियां उलट देगा। र जनारायण थप्पड़ मार देगा उनको। वह किसी की नहीं चलने देगा, वह आपकी सरकार को कभी नहीं चलने देगा...

(Interruptions)

एक अफसोस की बात यह है कि राज आपने शुरू किया है वह हवा किस तरीके से शुरू की है वह देखने की बात है। डाइने-माइट केस जैसे मामले वापस लिये हैं। आप थोड़ी देर रुक सकते थे, अदालत फैसला करती और उनको बेकसूर करार देती और फिर आप कह सकते थे कि कांग्रेस ने उनको गलत गिरफ्तार किया, गलत केस चलाये। आपने आते ही उनके केस को वापस ले लिया।

[श्री प्यारे लाल कुरील उर्फ तालिब]

यह डैमोक्रेसी है ? यह डैमोक्रटिक तरीका है ? फिर आपने क्या किया । आपने उनको मिनिस्टर बना दिया । कितना अन-डैमोक्रेटिक, अन-कंस्टीट्यूशनल यह काम आपने किया है । अदालतें चल रही है, आप फैसले सुन लेते । थोड़े दिन में फैसला हो जाता । लेकिन आपने केस वापस ले लिया । अपनी हुकूमत को बनाने के लिए आपने यह तरीका अख्तियार किया है ।

आपने एक बनी हुई काश्मीर एसेम्बली को भंग कर दिया । एक गवर्नर के कहने पर जो कुछ आपने किया है उस पर बहुत कुछ कहा जा चुका है उस पर कुछ नहीं कहना चाहता । मैं जानता हूं आप तोड़-फोड़ का क्या काम करेंगे । मैं जानता हूं इस तोड़-फोड़ से जो आप महल तैयार करेंगे वह रेत का महल ज्यादा देर तक कायम नहीं रहेगा । मैं आपको यकीन दिलाता हूं ।

उपसभाध्यक्ष (श्री रणबीर सिंह): कृपया समाप्त करिए ।

श्री प्यारे लाल कुरील उर्फ तालिब : मैं डिस्ट्रक्टिव पालिसी में विश्वास नहीं करता पर मैं आपको शुभकामनाएं जरूर देता हूं कि आप डैमोक्रेटिक तरीके से काम करें और आप सही रास्ता दिखायें । मगर यह जो केसेज आपने वापस लिये है यह ठीक नहीं है । जिस तरीके से असेम्बली को तोड़ा है वह ठीक नहीं है । मेरी शुभकामनाएं आपके साथ है । मैं चाहता हूं कि एक आल्टरनेटिव पार्टी जो मजबूत हो, बने । उसकी एक ही आइडोलीजी हो, उसका एक डैफिनिट प्रोग्राम हो । हम जैसे गरीबों के लिए अछूतों के लिए और दूसरे शड्यूल्ड कास्ट्स के लिए, वीकर सैक्शन के लिए एक खास प्रोग्राम होना चाहिए जैसा कि कांग्रेस के अन्दर है । आपने छोटे-छोटे बच्चों को पैसा देकर, रुपया दे कर जनता पार्टी जिन्दाबाद के नारे लगवाये, यह कोई अच्छी बात नहीं है । आपने इनको गांव-गांव में फैला कर हमारे लोगों को तकरीर नहीं करने दी, उनको अपने विचार नहीं रखने दिये । यह सब आपने किया है और पुलिस ने भी आपका कोआपरेट किया है । ज्यादा न कहते हुए मैं आपका शुक्रिया दा करता हूं ।

SHRI K. S. MALLE GOWDA (Karnataka): Sir, with a feeling of great relief I welcome the great political change that has been brought about in the country by a great non-violent revolution through the ballot-box, India today is re-discovered and acclaimed by the world as the largest free democracy. The world has never had, in its record, a democracy where one party-rule continued for an unbroken period of nearly thirty years as in India. Power corrupts. And we can rightly add that power given to a political party continuously for over a quarter of a century corrupts to the core. This God-sent change was overdue to this country to ensure democracy in its true meaning to the great Indian people.

The inexorable political change unfolds the shining truth—the eternal truth that in a free democracy the people would come to reject any political party which would place itself above the country and sacrifice the interests and well-being of the people to nourish itself.

The greatest of the elections just ended in the largest of the free democracies of the world has thrown up another truth that, in a modern, enlightened age, it is free democracy which enshrines and ensures equality, human dignity, human development and freedom of the individual that the people would love, desire and fight for.

Sir, I strongly feel that the choice of Shri Morarji Desai as Prime Minister at this juncture in the troubled

history of India, was the best and the right one. The Prime Minister is a true follower of Gandhiji and is a strong advocate of human freedoms, individual liberty and is known to be a true democrat. He fears God and truth and these virtues in the leader of this nation are good enough to promise us a good 'janata raj' if not the ideal 'Rama Rajya' of our dreams.

Sir, we have before us the example of two great men of our country, Mahatmaji and Shri Jayaprakash Narayan, who loved the people of India and served them truly and selflessly, without so much as a thought for the throne at Delhi. It is the fervent hope of the Indian people—the youth, the old, the poor and the rich —that Janata Party and their allies will prove by their solidarity and solid work for the people, that they truly would worship the people and not power.

After the imposition of emergency, I had urged upon the former Prime Minister Shrimati Indira Gandhi, in this House, that 'political vendetta' should not be allowed to take root in this holy land of Bharata. I appeal to the present Prime Minister Morarji Desai and the Janata Government to show the 'divinity in man' and follow 'forget and forgive' policy in respect of the past unhappy events. There should be no witch-hunt.

I am sure that the good India people have greatly appreciated the greatness of Shri Jayaprakash Narayan and Shri Morarji Desai who called on the former Prime Minister.

Sir, I want to warn the new Government about two vital points. The Government should ensure strict price control in respect of articles of daily consumption as we, the poor and middle class families in the country, would feel the pinch of the price rise and would comment on the performance of the new Government.

Secondly, I want to remind the Government of its pledge to remove destitution in this country within a definite period of ten years. This pledge cannot be fulfilled if we do not take strong, emergent measures to check the population growth in our country with a package programme of incentives and disincentives simultaneously along with our plan to increase production in fields, factories, mines and oil-wells so that our GNP far outpaces the annual population increase.

श्री सुन्दर सिंह भंडारी (उत्तर प्रदेश) : आदरणीय उप-सभाध्यक्ष महोदय, मैं आशा करता था कि इस बजट पर भाषणों के दौरान कांग्रेस पार्टी की तरफ से जो उन्हों ने रचनात्मक सुझाव देने का एक सामान्य सा आभास निर्माण करने का प्रयत्न किया है, उसकी कुछ झलक देखने को मिलती। मुझे अफसोस है कि मुझे इस बारे में बहुत बड़ी निराशा हुई है। भारत की जनता ने इस चुनाव में जो फैसला किया है, मैं समझता हूं कि बड़ी से बड़ी हस्ती के लिए भी यह एक बहुत बड़ी धृष्टता होगी अगर वह उसकी इज्जत न करे। यह कहना कि लोग बहकाव में आ गये, यह शायद उनके मुंह से कहा जा सकता है जिन्होंने इस जनता को बहकाने में बहुत दिनों सफलता प्राप्त की है। यह चुनाव हमारे देश की जनता की जागृति का परिणाम है। डर और धमकियों के वातावरण में भी उसने प्रजातंत्र को समझने का और अपने भविष्य को अपने आप बनाने का जो इस अवसर पर फैसला किया है, उसके लिए मैं सब देशवासियों को बधाई देता हूं। यह पहला मौका था जब लोगों को जात-पात के आधार पर बांटा नहीं जा सका शहर तथा गांव के आधार पर लोगों में भेद नहीं किया जा सका। इन चुनावों में सब प्रकार के सरकारी प्रलोभन और दबाव उनकी इंसानियत को खरीदने में असफल रहे।

श्री कल्प नाथ राय (उत्तर प्रदेश) : आदरणीय उप-सभाध्यक्षा महोदय, क्या वे फाइनेन्स बिल पर बोल रहे हैं ?

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : जब आपकी तरफ के माननीय सदस्य फाइनेन्स बिल पर अपना भाषण दे रहे थे तो हमने उनको शांति-पूर्वक सुना । इसलिए आप भी सुनने की कोशिश कीजिये । अगर आपकी समझ में नहीं आता है तो अपने साथी से पूछ लीजिये ।

मैं यह मानता हूं कि इमरजेन्सी के हथियार से लोगों को डराया, धमकाया जा सकता है, लेकिन यह बात मेरी समझ में नहीं आती कि देश की आर्थिक परिस्थितियों को सम्भालने के लिए इमरजेन्सी का हथियार किस प्रकार से कामयाब हो सकता है । कुछ दिन तक तो . . . . . .

श्री प्यारे लाल कुरील (उर्दू तालिब) : मुल्क के अन्दर इमरजेन्सी इसलिए लागू की गई थी कि आप अराजकता फैला रहे थे । इसीलिए आपको गिरफ्तार किया गया था । कि आप पुलिस और फौज को बगावत पर उक्सा रहे थे

श्री सुन्दर सिंह भण्डारी : मैं समझता हूं कि चाहे कीमतें गिराने का सवाल हो, चाहे आवश्यक वस्तुएं साधारण आदमियों को उपलब्ध कराने का सवाल हो, चाहे उत्पादन बढ़ाने का सवाल हो या मुद्रा-स्फीति रोकने का सवाल हो या नीतियों से संबंधित प्रश्न हों, इन पर पुलिस के डंडे से काम नहीं चल सकता है । हां, यह हो सकता है कि जो लोग चोर-बाजारी करें, जमाखोरी करें, माल को छिपाकर रखें, उनको डराने या धमकाने से कुछ काम चला हो, उत्पादन इससे नहीं बढ़ता । इमरजेन्सी लागू किये जाने के दो-तीन महीने तक डर के मारे आर्थिक परिस्थितियां सुधर रही हैं, यह आभास कराया गया लेकिन नीतियों के अभाव में कोई सही दृष्टिकोण लागू न होने के कारण विधायी सरकार आर्थिक क्षेत्र में सफल नहीं हो सकी । आज यह स्वीकार किया गया है कि इतनी लम्बी इमरजेन्सी के कार्यकाल के बाद भी कीमतें बढ़ी हैं, इनफ्लेशन बढ़ा और परिस्थिति आर्थिक क्षेत्र में काबू के बाहर होती चली गयी । आज भी 15 प्रतिशत से अधिक थोक मूल्यों के भाव में बढ़ोत्तरी हुई है और अगर हम पिछले सात वर्षों की नीतियों का विश्लेषण करें तो सात वर्ष पहले के मुकाबले में आज कीमतें दुगनी बढ़ गई हैं, टू हंडरेड परसेन्ट उसमें बढ़ोत्तरी हुई । जहां तक फुटकर मूल्यों का संबध है वह तो एक वर्ष में ही 33 प्रतिशत तक बढ़ गये हैं ।

अब यह बात ठीक है कि पिछले दिनों में हमने काफी विदेशी मुद्रा कमाई और काफी अच्छा स्टाक सरकार के पास विदेशी मुद्रा के रूप में है । लेकिन यह किस कीमत पर हमने कमाया । जो कुछ देश मे आवश्यक वस्तुयें उपलब्ध थीं विदेशी मुद्रा को अर्जित करने के क्रम में हमने उसका निर्यात किया और इसके कारण अपने देशवासियों को उन चीजों के अभाव में हमने रखा । आज यह परिस्थिति पैदा हो गई है कि विदेशी मुद्रा इतनी इकट्ठी हो गई है कि देश में मुद्रा-स्फीति और देश में कीमतों को बढ़ाने का भी वह एक कारण बनती जा रही है । मेरा यह सुझाव है कि इसको एक डेड रिजर्व के रूप में न रखा जाय । आज भी देश की आर्थिक गति को तेज करने के लिये आवश्यक वस्तुओं के आयात की बहुत आवश्यकता है । इसके कारण यहां के उद्योग मंत्री को एक बहुत बड़ा बल मिल सकता है । जिस तरह से हमने अन्न का भंडार बनाया है, उसी प्रकार से एडिबल आयल और रुई के ऐसे भण्डार अगर हम बनाकर रखेंगे तो देश के उत्पादन को एक नई दिशा प्राप्त होगी । इसके कारण देश की मुद्रा-स्फीति पर भी दबाव पड़ रहा है उसको भी घटाने में मदद मिल सकती है ।

[The Vice-Chairman (Shri Lokanath Misra) in the Chair].

इसलिये मेरा यह निवेदन है कि हमको जल्दी से जल्दी इस दबाव को, जो विदेशी मुद्रा के इकट्ठे होने से देश में हो गया है,

उसे देश की अर्थ रचना के लिये उपयोगी रूप दिलाने का प्रयत्न किया जाय ।

पिछले दिनों इस सारी आर्थिक रचना में मनमाने तरीके का दबाव, प्रतिबन्ध और तरह तरह की रुकावटें, देश की अर्थ व्यवस्था को स्वाभाविक रूप से बढ़ाने में बाधा के रूप में सामने आई । मैं चाहता हूं कि सरकार उन सब परिस्थितियों पर पुनर्विचार करे । देश में आवश्यक वस्तुयें हर व्यक्ति के पास पहुंचे इसका मैं समर्थक हूं । लेकिन अनावश्यक रुकावटें जितनी जल्दी हटाई जायेगी तो देश के सामान्य आर्थिक रचना के निर्माण में हम मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं । इस पर विचार करने की आवश्यकता है ।

सरकार की तरफ से पांचवी पंचवर्षीय योजना के जो दो वर्ष बचे हैं उसमे भी किस प्रकार से प्रायरिटीज रखी जाय, किन-किन मदों पर प्राथमिकता से रुपया खर्च किया जाय, इसका सरकार विचार कर रही है । मैं चाहता हूं कि आने वाले पूरे बजट में जो एक-दो महीने के भीतर हमको देखने को मिलेगा उसमें इन प्रायरिटीज को बदल कर ही उसके अंदर रुपयों का प्रावधान किया जाएगा ताकि आज अनिवार्य रूप से जिन चीजों को प्राथमिकता मिल कर उनका उत्पादन होना चाहिए उसके लिए उस बजट में और राज्यों को मिलने वाले मद में उसकी पूरी गुंजाइश दिखायी दे ।

यह बात भी आवश्यक होगी कि जो हमारे सार्वजनिक संस्थान हैं उत्पादन के, उन में शत प्रतिशत उत्पादन की दिशा में हम कितनी जल्दी आगे बढ़ सकते हैं । उनके अन्दर लगाई गई शक्ति निरर्थक न पड़ी रहे, उसका पूर्ण उपयोग हो और उसके लिए जो इन्फ्राष्ट्रक्चर तैयार करना पड़ता है उसको तैयार करने के लिए हम सब प्रकार की प्राथमिकताएं किस प्रकार उपलब्ध कर सकते हैं, इसकी भी उसमें व्यवस्था करें ।

ग्रामीण विकास, बहु-चर्चित होने के बाद भी, एक उपेक्षित विषय आज तक रहा है । मैं चाहूंगा कि अगले बजट में ग्रामीण विकास के ठोस कार्यक्रमों को हाथ में लिया जाए । अगर मैं उसका एक उदाहरण दूं, तो आज भी इतने 25 वर्षों की देश की स्वतंत्रता के बाद भी हजारों गांव ऐसे हैं जहां पर पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है । पेय-जल को प्राथमिकता दें और उसके लिए केन्द्रीय बजट में भी आवश्यक प्रावधान करना अनिवार्य प्रतीत होता है ।

जमीन काश्तकार को मिले, वह उसका मालिक बने, ये चर्चाएं तो बहुत हुई है, परन्तु इस क्षेत्र में ठोस पग उठाए जाने चाहिए क्योंकि केवल मालिक बनाने से ही काम नहीं चलेगा । सर्विस कोआपरेटिव्हस कायम करने होंगे, केन्द्रीय बजट में भी इसका प्रावधान करना होगा कि इस प्रकार की सर्विसेज को जो अग्रिकलचरिस्ट्स के लिए बने, उनकी आर्थिक परिस्थिति को सुधारने के लिए जो मदद दे सके, उसकी व्यवस्थाएं बजट में होना आवश्यक है ।

कई ऐसे सूखे क्षेत्र हैं जहां पर वर्षा का अभाव है और अभी भी सिंचाई की योजनाएं उन तक नहीं पहुंच सकी हैं । वहां पर हमे ड्राई फार्मिंग टैक्नालाजी की व्यवस्थाएं करनी होंगी । योजना में भी उसको प्राथमिकता मिले और मुझे विश्वास है कि आने वाले वर्ष में इस ड्राई फार्मिंग टेक्नालाजी को प्राथमिकता मिलेगी और ऐसे क्षेत्रों के लिए आवश्यक प्रावधान किया जाएगा ।

ग्रामीण विकास के लिए यह भी आवश्यक है कि अभी तक औद्योगीकरण का जो तरीका रहा है वह इस प्रकार से रहा कि ग्रामों के दूरस्थ अंचल अछूते हैं । जब तक हम पूरा का पूरा औद्योगीकरण का नक्शा नहीं बदलते, उसको विकेन्द्रित नहीं करते और कृषि के आधार पर विकसित करने का निर्णय नहीं

[श्री सुन्दर सिंह भंडारी]

लेते और उसी के आधार पर प्लान प्रायरिटीज और बजट में उनकी आवश्यकताओं के लिए प्राथमिकताएं हम नहीं देते, तब तक ग्रामीण विकास केवल एक चर्चा का ही विषय बन कर रह जाता है । चिंता केवल यहां भाषणों में व्यक्त हो कर रह जाती है पर उसके लिए कोई ठोस पग कहीं उठते हुए नहीं दिखाई देते ।

दूसरा ज्वलंत प्रश्न बेरोजगारी का है जो देश के अंदर बढ़ता चला जा रहा है । पिछले दिनों में ऋैश योजनाएं बनीं । माननीय सदस्यगण मुझे माफ करें अगर मैं कहूं कि यह एक स्थायी प्रश्न है, यह ऋैश योजनाओं से पूरा नहीं हो सकता । ऋैश योजनाओं से कुछ दफ्तर खुल जाते हैं, रुपये का ऊपर ही ऊपर बंटवारा हो जाता है लेकिन वास्तविक जो बेनिफिशरीज हैं, जिनको वास्तव में नौकरियां मिलनी चाहिए या उनकी आर्थिक परिस्थिति को सुधारने के लिए जो ठोस कदम उठाने चाहिए वह सब होने की बजाए ये ऋैश योजनाएं पब्लिसिटी ओरियेन्टेड ज्यादा है ; उनका लाभ ठीक व्यक्तियों को नहीं पहुंच पाता ।

मैं सरकार से यह निवेदन करना चाहूंगा कि अब इस पंचवर्षीय योजना के बचे हुए काल में भी, और छठी पंचवर्षीय योजना के लिए जो भूमिकाएं बन रही हैं, उसमें "गिमिक्स" करने की कोई आवश्यकता नहीं है । अब अगर वे सीधे सीधे ढंग से और विस्तृत स्ट्रक्चर के आधार पर, नीतियों के आधार पर इन बातों को अपने सामने रख कर चलेंगे तो उसमें से ही लाभ हो सकेगा ।

मैं केवल एक-दो सुझाव इस बजट के सम्बन्ध में देना चाहूंगा । मैं चाहूंगा कि पिछले दिनों में कम्पलसरी डिपोजिट स्कीम लागू की गयी थी उस के द्वारा, हम कर्मचारियों को आज की महंगाई की अवस्था में परिस्थितियों से मुकाबला करने के लिए राहत देते थे वह उनसे छीन कर हम ने उनके प्रति बहुत बड़ा अन्याय किया है । मैं चाहूंगा कि वित्त मंत्री इसके लिए मार्ग निकालें और कम्पलसरी डिपोजिट स्कीम को समाप्त कर के जो कुछ पैसा कर्मचारियों का जबरदस्ती रोक लिया गया है वह उनको वापस दिलाने का प्रावधान करें ।

इसी प्रकार से जो महंगाई भत्ते की शर्तें पहले तय हुई हैं और कास्ट आफ लिविंग इन्डेक्स के साथ उसको जोड़ा है उसके सम्बन्ध में भी पूरी राहत मिलनी चाहिए ।

रेलवे कर्मचारियों के सम्बन्ध में माननीय रेल मंत्री ने घोषणा की । जब तक लिविंग वेज का फार्मूला तय न हो जाय मैं चाहूंगा कि बाकी की सुविधाएं और सहायता देने का फार्मूला कुछ लिमिटेड लेबर तक सीमित न रहे, देश भर के सब मजदूरों पर और सब श्रमिकों पर उसे लागू करने के लिए हमें कदम उठाना पड़ेगा ।

पिछले दिनों में यह तर्क दिया गया था कि क्यों कि इकानिमिक आफेंडर्स के खिलाफ देश के साधारण कानूनों के अन्तर्गत कार्यवाही नहीं कर सकते थे इसलिए हमें इमरजेंसी प्रावीजन्स का सहारा लेना पड़ा । पिछली सरकार बीस महीनों के लम्बे कार्यकाल में इमरजेंसी प्रावीजन्स के बिना इन आर्थिक अपराधों से कैसे निबटा जा सकता है इस के लिए कोई कांक्रीट स्टैप ले कर नहीं आ सकी और बिना अपराध बताये लम्बे डिटेंशन के द्वारा ही उन्होंने आर्थिक अपराधों से निबटने का तरीका बनाया हुआ था । अब इमरजेंसी हट गयी है । मैं इस के लिए बधाई देता हूं सरकार को । उन्होंने बाहर की इमरजेंसी को भी—बाहरी खतरे का जो हौआ बनाया हुआ था—समाप्त कर दिया । देश में कम्पलीट नार्मलसी है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि कुछ भी करने की छूट हासिल हो या आर्थिक अपराधों के लिए छूट मिली हो या समाजविरोधी तत्वों

को गड़बड़ करने का मौका मिले । मैं चाहूंगा सब क्षेत्रों में और विशेषकर आर्थिक अपराधों के क्षेत्र में कानूनों का जल्दी से जल्दी अध्ययन हो और अगर इन आर्थिक अपराधों को रोकने के लिए कानून की सीमाएं किसी प्रकार से छोटी दिखायी देती हों, तो यह पहला काम होना चाहिए सरकार का कि कानूनों को इतना सशक्त बनाये कि इन आर्थिक अपराधों को रोका जा सके । साथ ही इस बात का भी ध्यान रखा जाय कि इमरजेंसी प्रावीजन्स का आश्रय लेकर नागरिकों के मौलिक अधिकार समाप्त करने के और बिना मुकदमा चलाये कैद में रखने के जो पग पिछली सरकार के द्वारा उठाये गये उन की सम्भावना ही न रहे । इस चुनाव में अगर लोगों ने किसी चीज़ को बदलने की कोशिश की है तो इसी स्थिति को बदलने की कोशिश की है । और जो फैसला उन्होंने दिया है इस सरकार को उस से अपनी ताकत ग्रहण करनी चाहिए । कानूनों को अपटुडेट बना कर सारे देश की जनता को ऐसे अपराधों के चक्कर से बचाने में सरकार सफलता प्राप्त करे यह हमारे कार्य का उद्देश्य होना चाहिए ।

मैं वित्त मंत्री महोदय को उन की इस नयी जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देता हूं और चाहूंगा कि आने वाले बजट में जो मैंने सुझाव दिये हैं उन के सम्बन्ध में ठोस पगों का नक्शा वे उपस्थित कर सकें । धन्यवाद ।

श्री रणबीर सिंह (हरियाणा) : उप सभाध्यक्ष जी, भारत के वित्तीय इतिहास में सब से छोटा भाषण जनता पार्टी के वित्त मंत्री का है । उन्होंने अपने भाषण में जिक्र किया कि जो बजट तैयार हुआ है वह उनके दृष्टिकोण के मुताबिक नहीं है इस लिए आगे के बजट में अपने दृष्टिकोण को दर्ज करेंगे । आगे वह कैसा दृष्टिकोण रखना चाहते हैं यह तो हम को मालूम नहीं है इस लिये कि उन्होंने इस बात का कोई ब्योरा नहीं दिया है । लोगों को वह गलत आशायें देना चाहते हैं या लोगों की आर्थिक स्थिति को सही तौर पर मजबूत करना चाहते हैं यह तो आगे आने वाला समय बतायेगा, लेकिन जैसी आज सदन में बहस हुई, जम्मू कश्मीर के बारे में कि पार्लियामेंट को भी अधिकार न हो जो संविधान में होना चाहिए था यह अजीब बात है । वहां एक शख्सी हुकुमत कायम की गयी जिस को—कांग्रेस पार्टी ने खत्म किया । वह किस इरादे से की गयी यह तो आगे आने वाला समय बतायेगा । इसी इरादे को वह आगे बढ़ाना चाहते हैं या नहीं यह भी आगे आने वाला समय बतायेगा । उनकी जो बजट स्पीच है वह बहुत छोटी है इसलिये कि लोग सोच न सकें । जैसा कि मेरे पूर्व वक्ता भंडारी जी ने जिक्र किया कि आपात स्थिति में जो कुछ बातें हुई थीं उन की वजह से कांग्रेस पार्टी को हार खानी पड़ी यह बात सही नहीं है । मैं जानता हूं कि उनके बड़े बड़े नेता हमेशा एक ही बात की दुहाई देते रहे । उन्होंने कभी कोशिश नहीं की कि आपात कालीन स्थिति में हुए नुकसान को लोगों को बतायें, वह एक ही बात की दुहाई देते रहे—परिवार नियोजन की और उस में हुई ज्यादतियों की । उसके अलावा बड़े से बड़े नेता ने भी कोई दूसरी बात नहीं कहीं । मैंने सभी बड़े नेताओं के भाषण सुने हैं । वह केवल चुटकियां देते थे कि अगर कांग्रेस वाले आयें तो कहो कि 'दो केस दो, एक वोट लो' । इस मजाक में हिन्दुस्तान का चुनाव हुआ और उस के नतीजे पर आज हमारी सरकार के वजीर और दूसरे साथी खुश हैं । लेकिन उनकी यह खुशी बहुत दिन नहीं ठहरने वाली है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, आगे जो बात मैं कहना चाहता हूं वह नयी बात नहीं है । जब उधर बैठता था तब भी कहा करता था ।

(श्री रणबीर सिंह)

जहां तक हमारे वित्त मंत्रालय का संबंध है उस की सोच बदलने की आवश्यकता है। हमारे देश ने माना है कि का हम को, देश में समाजवादी आर्थिक ढांचे को लाना है लेकिन अभी तक वित्त मंत्रालय पिछले तीस साल से और आज भी उसी चक्कर में हैं जिस को मरकेंटाइल इकोनामी का जमाना कहते हैं। वित्त मंत्रालय की सोच समाजवादी नहीं हुई है। हमारे देश में आज भी कांग्रेस पार्टी ने जनता पार्टी को जो राज दिया है वह कितनी मजबूत हालत में दिया है यह देखने की बात है। हमारे पूर्व वक्ता ने इस बात की कोशिश की कि दो हजार करोड़ विदेशी रुपया, जो यह सरमाया हम ने छोड़ा है, उस का उन्होंने मजाक उड़ाने की कोशिश की। मैं उन को बताना चाहता हूं कि मैं इस सदन का मेम्बर था जब पहली पंचवर्षीय योजना बनी थी और खास तौर पर भंडारी जी जिस पार्टी से पहले संबंध रखते थे, जिस का नाम जनसंघ था, उस के जन्मदाता श्री श्यामाप्रसाद मुखर्जी थे। उन की बात मुझे आज भी याद आती है। पहली पंचसाला योजना के बारे में उन्होंने कहा था कि उस के अंदर सिर्फ ढाई सौ करोड़ रुपये को विदेशी सहायता का जिक्र था।

